## संपादकीय

# शेख हसीना आना कई मायनों में सुकूनकारी

भारत में नई सरकार के गठन के बाद भारत की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आना कई मायनों में सुकूनकारी है।

उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के दरम्यान के घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढाना है। दोनों देशों ने समुद्र क्षेत्र समेत कई अन्य अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए दस समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने व हरित साझेदारी के साथ समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य व चिकित्सा, आपदा प्रबंधन व मत्स्य पालन भी इसमें शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा नए क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिससे दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। हसीना ने भारत को विसनीय मित्र बताते हुए 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार व भारतीयों के योगदान को याद किया। भारत की पड़ोसी पहले की नीति के तहत बांग्लादेश महत्त्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देश जल्द नई रेल सेवा व बस सेवा भी चालू करने पर सहमत हैं। पंद्रह दिनों के भीतर हसीना का यह दूसरा भारत दौरा है।

कहा जा रहा है, इस करीबी से चीनी सरकार चिंतित हो सकती है। हालांकि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। वह कच्चे माल के मामले में उसका प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। इसके बाद हसीना चीन भी जा रही हैं, परंतु भारत ने भी पिछले आठ वर्षो में बांग्लादेश के बुनियादी ढांचे के विस्तार में मदद के लिए आठ मिलियन डॉलर का कर्ज दिया है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के दरम्यान 15.9 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ, जिसके मौजूदा वर्ष में तीव्र गति से बढने की उम्मीद है।

गौर करने वाली बात है कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर भी है। हालांकि दोनों ही देश जलवायु परिवर्तन के बदलावों के चलते जनसांख्यिकीय व आर्थिक उथल-पुथल झेल रहे हैं। और ये मसले वाकई दोनों ही देशों के लिए परेशानी का सबब हैं। इस समझौते को विकसित भारत 2047 व स्मार्ट बांग्लादेश 2041 के व्यापक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है।

बांग्लादेशी नौजवानों के लिए भारत सिर्फ बेहतरीन जीवन व रोजगार की स्वप्नगाह भर नहीं है। बल्कि एक छोटे से देश का सामथ्र्यवान हमसाया होने का फर्ज निभा कर भारत अपना बड़प्पन भी बखूबी दर्शा रहा है। साथ ही वह प्रमुख एशियाई देश होने का गौरव भी प्राप्त करते हुए दुश्मनी साधने वाले पाकिस्तान को आईना भी दिखा सकता है।

# भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 1.5 अरब डॉलर का ऋण देगा विश्व बैंक

**नई दिल्ली**




विश्व बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा उत्पादन के विकास में तेजी लाने के लिए दूसरे ऑपरेशन के तहत भारत को 1.5 अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।

विश्व बैंक ने शुक्रवार को वाशिंगटन में बताया कि 'लो-कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन' का दूसरा चरण ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों में मददगार होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है।

यह ऑपरेशन सरकार की ऊर्जा सुरक्षा और विश्व बैंक की हाइड्रोजन फॉर डेवलपमेंट (एच4डी) भागीदारी के अनुरूप है।

विश्व बैंक के अनुसार, सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष कम से कम 4,50,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर का उत्पादन होने की उम्मीद है।

इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन में प्रति वर्ष पांच करोड़ टन कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा।

यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।

भारत में विश्व बैंक के निदेशक ऑगस्त तानो कुआमे ने कहा, विश्व बैंक को भारत की लो-कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की प्रसन्नता है, जो देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा और निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नौकरियां पैदा करेगा।

कुआमे ने कहा, पहले और दूसरे, दोनों ऑपरेशनों में ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज़ी से बढऩे की उम्मीद है। विश्व बैंक के अनुसार, आर्थिक विकास के साथ उत्सर्जन वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना होगा, ख़ास तौर पर औद्योगिक क्षेत्रों में।

ऑपरेशन के लिए टीम लीडर की भूमिका निभा रहे ऑरेलियन क्रूस, शियाओडोंग वांग और सुरभि गोयल ने कहा, भारत ने ग्रीन हाइड्रोजन के लिए घरेलू बाज़ार विकसित करने के लिए साहसिक कदम उठाए हैं, जो तेज़ी से विस्तारित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पर आधारित है।

विश्व बैंक ने जून 2023 में 1.5 अरब डॉलर के पहले ऑपरेशन को मंज़ूरी दी थी, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ट्रांसमिशन शुल्क की छूट, सालाना 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निविदाएं शुरू करने के लिए एक स्पष्ट राह तैयार करना और राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार के लिए एक कानूनी ढांचा बनाना शामिल है।

# पीएमआई डाटा, बजट और टेलीकॉम कंपनियों पर होगी इस सप्ताह निवेशकों की नजर

**मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला सप्ताह तेजी वाला रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब दो-दो प्रतिशत उछाल दर्ज किया गया। बाजार में लगातार चौथे सप्ताह तेजी रही। बैंकिंग शेयरों में पिछले सप्ताह जोरदार उछाल देखने को मिला। निफ्टी बैंक सूचकांक में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई।

इस सप्ताह बाजार की दिशा कई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगी। इसमें भारत और अमेरिका के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े शामिल हैं।

इसके अलावा आगामी बजट से जुड़े अपटेड और भारतीय ऑटोमोबाइल कंपनियों की ओर से जारी किए जाने वाले मासिक बिक्री के आंकड़ों पर भी निवेशकों की निगाहें होंगी।

बाजार के जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार की नजर सीमेंट और टेलीकॉम सेक्टरों की कंपनियों पर हो सकती है। अल्ट्राटेक की ओर से इंडिया सीमेंट में नॉन-कंट्रोलिंग हिस्सेदारी हासिल करने के कारण सीमेंट सेक्टर में कंसोलिडेशन देखने को मिल सकता है। वहीं, सभी टेलीकॉम कंपनियों की ओर से टैरिफ में इजाफा किया गया है। इसका असर इन कंपनियों के मुनाफे में पर भी पड़ेगा। इस वजह से बाजार का फोकस इन कंपनियों पर होगा।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि चार्ट पर निफ्टी बुलिश लग रहा है। अगर निफ्टी 24,200 अंक के स्तर को पार कर टिकता है तो यह 24,500 अंक और फिर 24,700 अंक के स्तर तक जा सकता है। अगर यह 24,000 अंक के नीचे उतरता है तो फिर 23,800 अंक, 23,600 अंक और फिर 23,400 अंक के स्तर तक भी लुढक़ सकता है। हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह निफ्टी 24,600 अंक से 23,600 अंक की रेंज में रह सकता है।

# दुनिया पर मंडरा रहा है बड़े वित्तीय संकट का खतरा, डॉलर के ढह जाने का अनुमान

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्री और लेखक शनमुगनाथन. एन ने दावा किया है कि दुनिया पर एक बहुत बड़े वित्तीय संकट का खतरा मंडरा रहा है। यह खतरा 2007-09 के दौरान के हाउसिंग बबल और उस कारण उत्पन्न हुए वित्तीय संकट से भी कई गुना ज्यादा बड़ा होगा। अपने आंकड़ों और शोध परिणामों के आधार पर उन्होंने कहा अमेरिकी डॉलर की बुनियाद भुरभूरी है और कभी भी ढह सकती है। शनमुगनाथन ने दुनिया को फिर से स्वर्ण मानक (गोल्ड स्टैंडर्ड) को अपाने की सलाह दी है। पब्लिक पॉलिसी थिंकटैंक सेंटर फॉर सिविल सोसायटी द्वारा कॉस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित पुस्तक आरआईपी यूएसडी: 1971-202ङ्ग.. एंड द वे फॉरवर्ड के विमोचन के दौरान किताब के लेखक शनमुगनाथन एन ने कहा कि अमेरिकी सरकार एक बबल पर पर्दा डालने के लिए लगातार नई मुद्रा छापकर एक के बाद एक कई बड़े बबल तैयार करती जा रही है और इस ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

# मानसून में फैशन के लिए नायलॉन और पॉलिएस्टर का इस्तेमाल करती हैं विदिशा श्रीवास्तव

**मुंबई**

टीवी के पॉपुलर शो 'भाबीजी घर पर हैं' में गोरी मेम का रोल अदा करने वाली विदिशा श्रीवास्तव ने मानसून फैशन ट्रेंड्स पर बात की। उन्होंने कहा कि वह मानसून में नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसी सिंथेटिक मटेरियल पहनना पसंद करती हैं, क्योंकि वे मॉइश्चर-रेजिस्टेंस है और जल्दी सूख जाते हैं। मानसून फैशन का मतलब है स्टाइलिश और कंफर्टेबल रहते हुए मौसम को एन्जॉय करना।

विदिशा सिटकॉम 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाभी का किरदार निभा रही हैं।

उन्होंने कहा, बारिश के मौसम में, आपको स्टाइल से समझौता करने की जरूरत नहीं है। जब बारिश शुरू होती है, तो मैं नायलॉन और पॉलिएस्टर जैसे सिंथेटिक कपड़े पहनना पसंद करती हूं, जो मॉइश्चर को सोख लेते हैं और जल्दी सूख जाते हैं।

उन्होंने कहा, मैं बारिश में हैवी कॉटन और वूलन कपड़ों को पहनने से बचती हूं, क्योंकि इन्हें सूखने में ज्यादा समय लगता हैं। मुझे ज्यादा आकर्षक दिखने के लिए ब्राइट और बोल्ड प्रिंट वाले कपड़े पहनना पसंद है। प्लास्टिक जूलरी इस मौसम में फैशनेबल बने रहने के लिए एक बढिय़ा ऑप्शन है।

विदिशा ने कहा, मेरा पसंदीदा लुक एक स्टाइलिश वाटरप्रूफ जैकेट है, जिसे कलरफुल वाटरप्रूफ फुटवियर के साथ पेयर करना, और अपने आउटफिट में स्टाइल जोडऩे के लिए एक ट्रेंडी, कॉम्पैक्ट छाता ले जाना न भूलें।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, विदिशा ने 2007 में एसपी एंटरटेनमेंट की तेलुगु फिल्म 'मां इद्दारी मध्य' से एक्टिंग की शुरुआत की थी। उन्होंने 'अला', 'प्रेम', 'अथिली सत्तीबाबू एलकेजी' जैसे अन्य तेलुगु प्रोजेक्ट्स में भी काम किया। वह कन्नड़ फिल्म 'नलि नलियुथा' का हिस्सा रहीं। तमिल फिल्मों में उन्होंने 'कथावरायण' और मलयालम फिल्म 'लकी जोकर्स' में भी काम किया है। छोटे पर्दे की बात करें तो उन्होंने टीवी शो 'ये है मोहब्बतें' से शुरुआत की थी। इसके बाद, वह 'मेरी गुडिय़ा', 'श्रीमद् भागवत महापुराण', 'दुर्गा-माता की छाया' और 'काशीबाई बाजीराव बल्लाल' जैसे टीवी शो में नजर आई। विदिशा अपनी पर्सनल लाइफ को सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने साल 2018 में सायक पॉल संग बनारस में सात फेरे लिए।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा ने किया संन्यास का ऐलान, टी20 फॉर्मेट में अब टीम इंडिया के लिए नहीं खेलेंगे दोनों खिलाड़ी

**नई दिल्ली** । आरएनएस

टी20 वल्र्ड कप के फाइनल में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया और इसके साथ ही उसके दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान भी कर दिया। इससे पहले विराट कोहली भी टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर चुके हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खिताबी जीत हासिल करने के बाद रोहित शर्मा ने सभी के सामने ऐलान किया कि वो अब टीम इंडिया के टी20 फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे। रोहित ने 2007 के टी20 वल्र्ड कप में ही इस फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए अपना डेब्यू किया था और तब भारत को पहले इवेंट में ही चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। अब अपने 9वें टी20 वल्र्ड कप में रोहित ने कप्तानी करते हुए टीम इंडिया को 17 साल बाद दूसरी बार यही खिताब दिलाया और इस टूर्नामेंट के फाइनल के साथ ही फॉर्मेट को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

टीम इंडिया की खिताबी जीत के बाद रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ये टीम इंडिया के लिए उनका आखिरी टी20 मैच था और इससे संन्यास लेने का इससे शानदार वक्त और तरीका कोई दूसरा नहीं हो सकता था। भारतीय कप्तान ने कहा कि वो इस टूर्नामेंट को जीतने के लिए बहुत ही बेसब्र थे और आखिरकार वो रुकावट पार करने में सफल हो ही गए, जिस पर पिछले 10 सालों से अटक रहे थे।

रोहित ने सिर्फ अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को चैंपियन ही नहीं बनाया, बल्कि खुद अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से इसमें अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट के फाइनल में भले ही वो सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन भारतीय कप्तान ने इससे पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ और उससे पहले सुपर-8 के आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाकेदार अर्धशतक लगाए थे।

# विश्व विजेता बनने के बाद रोहित शर्मा ने पिच को किया नमन, मैदान की मिट्टी खाई

**नई दिल्ली** । आरएनएस



टीम इंडिया ने टी-20 वल्र्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार विश्व विजेता बनी है। धोनी के बाद रोहित शर्मा ऐसे कप्तान बने जिनकी कप्तानी में भारत ने टी-20 वल्र्ड कप का खिताब अपने नाम करने में...टीम इंडिया ने टी-20 वल्र्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार विश्व विजेता बनी है। धोनी के बाद रोहित शर्मा ऐसे कप्तान बने जिनकी कप्तानी में भारत ने टी-20 वल्र्ड कप का खिताब अपने नाम करने में सफलता हासिल की। इस जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पांड्या समेत सभी खिलाड़ी इमोशनल नजर आए। कई खिलाडिय़ों के मैदान पर ही आंसू झलक पड़े। भारत के चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने जो किया, उसे जानने के बाद आप भी उन्हें सैल्यूट करने से नहीं रोक पाएंगे।

-रोहित शर्मा ने पिच को नमन किया

विश्व विजेता बनने के बाद रोहित शर्मा ने बारबाडोस की पिच को नमन किया और पिच की मिट्टी खाई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रोहित शर्मा पिच की मिट्टी चखते हुए नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा ने इस पल को यादगार बनाने के लिए यह किया। रोहित के इस एक्ट ने फैन्स का दिल जीत लिया है। रोहित शर्मा के इस वीडियो पर यूजर्स भी जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बारबाडोस के मैदान पर तिरंगा भी गाड़ा। खिताब जीतने के साथ ही रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास का ऐलान कर दिया है।

फायनल मैच की बात करें तो टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बैटिंग में टीम इंडिया ने 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए।

# बैड न्यूज का ट्रेलर रिलीज, छा गई विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी



आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोडिय़ां देखने को मिलेंगी। उन्हीं में से एक है विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी, जो जल्द ही फिल्म बैड न्यूज में नजर आएगी।बीते दिन फिल्म का नया पोस्टर सामने आया था, जो बेहद दिलचस्प था। कुछ ही दिन पहले यह ऐलान हुआ था कि 28 जून को फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। अब आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया है।आइए जानते हैं कैसा है बैड न्यूज का ट्रेलर।

विक्की अखिल चड्ढा, तृप्ति सलोनी और एमी गुरबीर पाजी का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। तृप्ति ने जहां फिल्म में ग्लैमर का तडक़ा लगाया है, वहीं विक्की और एमी के साथ उनका रोमांस भी देखने को मिल रहा है।नेहा धूपिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म की कहानी भी गुड न्यूज की तरह एक बच्चे के इर्द-गिर्द रची गई है।ट्रेलर देख लगता है कि दर्शकों को जल्द ही कॉमेडी का जबरदस्त डोज मिलने वाला है।

इस कॉमेडी फिल्म का नाम पहले मेरे महबूब मेरे सनम रखा गया था। बाद में निर्माताओं ने इसका नाम बदलकर बैड न्यूज कर दिया।इशिता मोइत्रा और तरुण डुडेजा ने मिलकर इस फिल्म को लिखा है, वहीं निर्देशक आनंद तिवारी और निर्माता करण जौहर हैं।फिल्म को वास्तविक घटना से प्रेरित बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि बॉलीवुड में अभी तक ऐसी कोई फिल्म नहीं बनी हैं।यह फिल्म अगले महीने 19 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

# विजय एंटनी की काव्यात्मक एक्शन फिल्म तूफान का दूसरा सिंगल वेतिहका नेने ना रिलीज हुआ



हीरो विजय एंटनी की नवीनतम फिल्म तूफ़ान है। कमल बोरा, डी. ललिता, बी. प्रदीप और पंकज बोरा इस फिल्म को इन्फिनिटी फिल्म वेंचर्स के बैनर तले बना रहे हैं। इस कंपनी ने पहले राघवन और हथिया का निर्माण किया था, जिसमें विजय एंटनी भी मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक विजय मिल्टन तूफ़ान को एक काव्यात्मक एक्शन एंटरटेनर के रूप में बना रहे हैं। फिल्म तूफ़ान जल्द ही एक भव्य थिएटर रिलीज़ के लिए लाई जाएगी। आज, दूसरा सिंगल वेतिहका नेने ना रिलीज़ किया गया। भाष्यश्री ने वेतिहका नेने ना गीत के बोल लिखे हैं, जिसे माश्मी नेहा ने गाया है और हरि दफुसिया ने संगीतबद्ध किया है। इस गीत में विचारोत्तेजक बोल हैं जो सभी को जोड़ेंगे। यह गीत फिल्म तूफ़ान में एक विशेष आकर्षण होगा।

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप ऑफिस में अपना चमत्कारी प्रभाव दिखाने वाले हैं, कोई बहुत ही कठिन काम बड़ी आसानी से पूरा करने में सफल रहेंगे और आप अपने काम से बॉस के खास बन जाएंगे।

***वृष-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपका आध्यात्मिक लोगों से मिलना होगा। आज थोड़े से प्रयास से बड़ी उपलब्धि हासिल हो जायेगी। राजनीति में बड़े लोगों से मेल-जोल बढ़ेगा।

***मिथुन-*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप अपनी चतुराई से बिजनेस को तीव्र गति से दौड़ा देंगे जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे और आप मालामाल हो जायेंगे।

***कर्क-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज वाणी पर नियंत्रण करके आप सफलता हासिल कर लेंगे। आज प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े बड़े फैसले ले सकते हैं, जिससे आपको आगे चलकर अच्छा परिणाम हासिल होगा।

***सिंह-*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको ऑफिस में कोई ऐसा काम दिया जा सकता है जो चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आप सफलता पूर्वक उसे निपटाने की पूरी भरपूर कोशिश करेंगे। आज आपकी कुछ कठिन विषयों में रुचि बढ़ सकती है।

***कन्या-*** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किस्मत आपका साथ देने वाली है। आज आपको कोई ख़ुशख़बरी मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको मिला-जुला परिणाम प्राप्त होगा।

***तुला-*** आज आपका दिन खास होने वाला है। हँसी-मज़ाक में कही गयी बातों को लेकर उलझने से बचें। व्यापार की बढ़ोतरी केलिए आज आप कुछ अलग प्लान बनायेंगे। घरवाले इसपर सोच विचार करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप अपने भाई के किसी महत्वपूर्ण कार्य में मदद करेंगे। आज आपको अपने दोस्तों के साथ कही घूमने का अवसर मिलेगा। आज अपना पसंदीदा काम निपटाने की योजना बना सकते हैं।

***धनु-*** आज आपका दिन नया बदलाव लेकर आया है। आज बनायी गई व्यापार सम्बंधित नई योजनाएँ काफी आकर्षक साबित होंगी और अच्छी आमदनी का ज़रिया भी साबित होगी। नया कंप्यूटर खरीदने का कोई विचार है तो आज का दिन अच्छा है।

***मकर-*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। लोगों के समस्याओं का समाधान निकालने के लिए आज भाग-दौड़ या किसी प्रकार की यात्रा हो सकती है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को और मजबूत करेगा।

***कुंभ-*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। अपनी इच्छा से आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। आपकी आज कोई नई योजना पूरी होगी उससे फायदा भी मिलेगा। आज आपकी आय में इजाफा होने की संभावना है।

***मीन-*** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। हर जरूरी बात अपने जीवनसाथी से जरूर शेयर करें, जिससे उलझने खत्म होगी और नए आइडिया भी सामने आ सकते हैं।

# सरफिरा का नया गाना खुदाया जारी, अक्षय कुमार और राधिका मदान की खूब जमी जोड़ी



बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार की आगामी फिल्म सरफिरा के मेकर्स रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच फिल्म का दूसरा गाना खुदाया रिलीज कर दिया गया है, जो की एक सूफी ट्रैक है। सॉन्ग अपने म्यूजिक और दिल छू लेने वाले लिरिक्स की वजह के फैंस के बीच तेजी से पॉपुलर हो रहा है।

सरफिरा का हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसे सोशल मीडिया पर ठीक- ठाक रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद पहला गाना मार उड़ी जारी किया गया और अब 27 जून को सेकेंड ट्रैक खुदाया रिलीज कर दिया गया है।

खुदाया गाने को संगीतकार सुहित अभ्यंकर ने कंपोज किया है और इसे आवाज दी है सागर भाटिया, नीति मोहन और सुहित अभ्यंकर ने। गाने के बोल मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। इस गाने में प्यार और जज्बातों को बेहद खूबसूरती से उभारा गया है। खुदाया में मिडल क्लास कपल के रोल में शामिल अक्षय कुमार और राधिका मदान की खूबसूरत लव स्टोरी दिखाई गई है। गाने की शुरुआत दोनों के झगड़े से होती है, लेकिन अंक दोनों एक बार फिर एक- दूसरे के साथ आ जाते हैं। सरफिरा की कहानी अक्षय कुमार के किरदार के सफर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कर्ज में डूबे शुरुआती दौर से दूरदर्शी बिजनेसमैन तक का सफर तय करता है। इस सफर में वो कई मुश्किलों का सामना करता है और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जंग लडऩी पड़ती है। सरफिरा, तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। ओरिजिनल फिल्म में सुर्या ने लीड रोल निभाया था। सोरारई पोटरु ने अपनी कहानी के लिए नेशनल अवॉर्ड भी जीता था। वहीं, अब इसका हिंदी एडेप्टेशन आ रहा है, जिसका डायरेक्शन सुधा कोंगारा ने किया है। फिल्म में अक्षय कुमार और राधिका मदान के साथ परेश रावल और सीमा बिस्वास ने भी अहम किरदार निभाए है।

# शब्द सामर्थ्य- 104

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 103 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 103 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |